शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट दि0 21.03.2024 थाना सेहरामऊ दक्षिणी

ई-रिक्शा चोर गैंग का पर्दाफाश, चोरी के एक ई-रिक्शा सहित 04 बैटरी, कन्वर्टर आदि सामान बरामद, तीन अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 12.02.2024 को श्री सुधीरपाल पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम कनेंग थाना रामचन्द्र मिशन जिला शाहजहाँपुर द्वारा लिखित सूचना दी गयी कि 11 तारीख में तीन अज्ञात व्यक्तियो द्वारा सवारी के रुप मे उसके ई-रिक्शा बुक करके रौरा रोड से चोरी कर लिया गया हैं । उक्त सूचना पर **तत्काल मु0अ0सं0 059/24 धारा 379 भा0द0वि0** बनाम 03 अज्ञात अभि0 पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गयी।

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के द्वारा उक्त वाहन चोरी की घटना का शीघ्र अनावरण हेतु एंव ई-रिक्शा चोर गैंग को ट्रेस कर संपूर्ण गैंग बस्ट करने हेतु निर्देश दिये गये थे। निर्देशो के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के निकट निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना से0म0द0 पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभि0 कमल कश्यप को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया व उससे की गयी पूछताछ के आधार पर अन्य 02 सहअभियुक्त व चोरी का अन्य सामान ई-रिक्शा इत्यादि सामान बरामद किया गया।

➢ **अनावरित अभियोग का विवरण:-**

मु0अ0सं0 059/24 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर।

➢ **नाम पता अभियुक्तगण:-**

1. कमल कश्यप उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र रामपाल कश्यप निवासी कस्बा व थाना सेहरामऊ दक्षिणी जिला शाहजहाँपुर हाल निवासी मोहल्ला सराय काईयां थाना रामचन्द्र मिशन जिला शाहजहाँपुर।
2. शिवम शुक्ला उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र नागेश शुक्ला निवासी ग्राम रौसर कोठी थाना रामचन्द्र मिशन जिला शाहजहाँपुर।
3. कुलदीप कुमार मिश्रा उर्फ रिंकू उम्र करीब 23 वर्ष पुत्र रमाकान्त मिश्रा निवासी ग्राम मियांपुर गौटिया थाना सेहरामऊ दक्षिणी जिला शाहजहाँपुर।

➢ **गिरफ्तारी का विवरण:-**

1.अभि0 कमल कश्यप को दिनांक 20.03.2024 को समय करीब 21.15 बजे हरदोई चौराहे से।

2.अभि0 शिवम शुक्ला को दिनांक 21.03.2024 को समय करीब 2.14 बजे उसके घर से ।

3. अभि0 कुलदीप मिश्रा उर्फ रिंकू को दिनांक 21.03.2024 समय करीब 2.14 बजे को अभि0 शिवम शुक्ला के घर से।

➢ **बरामदगी का विवरण –**

1. एक अदद ई-रिक्शा बिना बैट्री नं0 UP27BT3320

2. चार अदद बैट्री इस्टमैन मार्का

2.तीन अदद स्टेपनी मय रिम टायर

4. एक अदद कन्ट्रोलर

5. एक अदद कन्वेर्टर

➢ **पूछताछ का संक्षिप्त विवरण:- तीनो अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि दिनांक 11.02.2024 की रात हम तीनो ने मिलकर प्लान बनाया कि कोई ई-रिक्शा चोरी कर लेते है और उससे अपने मतलब का सामान निकालकर रिक्शे को छोड देंगे प्लान के अनुसार कमल और कुलदीप कुमार मिश्रा उर्फ रिन्कू केरुगंज स्थित एक अस्पताल पर पहुंच गये तथा शिवम शुक्ला अपना ई-रिक्शा लेकर वहीं साईड में खडा रहा था। कमल ने रिन्कू को बीमार बताकर एक ई-रिक्शा बुक कर लिया तथा दोनो उस ई-रिक्शे मे बैठकर हरदोई चौराहा होते हुये सेहरामऊ की तरफ चल दिये। शिवम शुक्ला अपने ई-रिक्शे से पहले तो उनके पीछे पीछे चलता रहा फिर उनसे पहले हरदोई मोड आकर अपने ई—रिक्शे को खडा करके रिलायन्स फैक्ट्री मन्दिर गेट के सामने खडा हो गया तथा वह भी उसी रिक्शे मे कमल का भाई बनकर बैठ लिया। रिक्शे वाले के रिक्शे की बैट्री डाउन थी उसने फोन करके अपने गांव से एक दूसरा रिक्शा कनेंग तिराहे पर बुलाया तथा कनेंग**

तिराहे से हम तीन लोग बुलाये हुये ई-रिक्शे मे बैठ गये तथा उसे बहाने से रौरा रोड पर ले आये व घटनास्थल पर पहुंचकर मौका पाकर जब उसका ड्राइवर पेशाब करने लगा हम तीनो रिक्शा चुराकर चांदापुर चौहानापुर कुर्रिया कलां कांट की तरफ भाग गये व फिर उसी रात में बरेली मोड जाकर रिक्शे के स्टेपनी सहित तीन पहिये चारो बैट्री कन्वर्टर डिब्बी इत्यादि खोलकर रिक्शे को सडक किनारे खडा कर दिया। कमल व रिन्कू ने जब तक यह सामान खोला शिवम शुक्ला बरेली मोड से टेम्पो पकडकर अपना ई-रिक्शा ले आया था जो पहले से ही उसने हरदोई मोड पर खडा किया हुआ था फिर हम तीनो लोग उस ई-रिक्शे मे चुराया हुआ सभी सामान लेकर शिवम के घर पर आ गये थे बैट्री व पहिये शिवम के घर पर रख दिये थे कन्वेटर व डिब्बी कमल अपने साथ अपने घर ले गया था।

➢ **गिरफ्तार करने वाली टीम–**

1. श्री रोहित कुमार थानाध्यक्ष थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री अजय वर्मा, थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 श्री योगेन्द्र बहादुर सिंह,थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर
4. का0 2792 अतुल शाक्य, थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर
5. का01809 कपिल कुमार, थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर
6. का0 2675 प्रवीन कुमार, थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर
7. का0 2526 कमल धामा, थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर
8. का0 शिवम, सर्विलेंस सेल जिला शाहजहाँपुर
9. का0 प्रभात चौधरी, सर्विलेंस सेल जिला शाहजहाँपुर